ई–मेल

राजस्थान सरकार
राजस्व मण्डल राजस्थान, अजमेर

क्रमांकः राम/भू.अ./एल.आर.सी./प–74/पार्ट/ 1395-1426 दिनांक 5/2/2008

जिला कलक्टर (भू.अ.),
समस्त, राजस्थान ।

विषय :– एल.आर.सी. योजना के अन्तर्गत ए.डी.एम., एस.डी.ओ. एवं ए.सी.एम. कार्यालयों को उपलब्ध कराये गये कम्प्यूटरों के रख–रखाव हेतु राशी व्यय करने बाबत ।

संदर्भ :– मण्डल का पत्र क्रमांक राम/भू.अ./एल.आर.सी./ प–47/04/8144–75 दिनांक 29.06.2004 ।

———

महोदय,

विषयान्तर्गत, कम्प्यूटराइजेशन ऑफ लैण्ड रेकार्ड योजना के अन्तर्गत, मण्डल के प्रासंगिक पत्र द्वारा बजट मद 2029 भू–राजस्व, 103 भू–अभिलेख, 02 जिला व्यय (आयोजना भिन्न) के उपमद अनुरक्षण एवं मरम्मते (मेन्टीनेन्स) में राशी व्यय किये जाने बाबत दिशा निर्देश मण्डल के संदर्भित पत्र दिनांक 29.06.2004 द्वारा आपको प्रेषित किये गये है ।

चूँकि अब योजना में अतिरिक्त जिला कलेक्टरों, उपखण्ड कार्यालयों एवं सहायक जिलाधीश कार्यालयों को भी कम्प्यूटर उपकरण उपलब्ध करा दिये गये है । अतः उपरोक्त बजट मद में आवंटित राशी का उपयोग मण्डल के प्रासंगिक पत्र दिनांक 29.06.2004 में "तहसील स्तर पर व्यय" में उल्लिखित आइटमों पर अतिरिक्त जिला कलेक्टरों, उपखण्ड कार्यालयों एवं सहायक जिलाधीश कार्यालयों द्वारा व्यय किया जा सकता है ।

भवदीय,

निबन्धक,
राजस्व मण्डल राजस्थान,
अजमेर

क्रमांकः सम/सम/ दिनांक
प्रतिलिपि :–

1 उप शासन सचिव, राजस्व (ग्रुप–1) विभाग, राजस्थान, जयपुर ।
2 अतिरिक्त निबन्धक (वित्त एवं लेखा), राजस्व मण्डल राजस्थान, अजमेर ।
3 ए.सी.पी., राजस्व मण्डल राजस्थान, अजमेर ।

उप निबन्धक (भू.अ.)
राजस्व मण्डल राजस्थान,
अजमेर

Send